हरिभूमि
# रत्न भूमि
रायपुर, शुक्रवार 17 अप्रैल 2026

तापमान

अधिकतम 30.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

13 तहसील कार्यालय के घटिया निर्माण पर ठेकेदार...



14 पीएमश्री हरिहर स्कूल पहुंचीं एसीएस रिचा शर्मा...





# प्रभार के भरोसे छुरा नपं: कोपरा से सीएमओ और नयापारा से इंजीनियर संभाल रहे कमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

नगर पंचायत छुरा में विकास कार्यों की रफ्तार अधिकारियों की कमी के कारण प्रभावित होती नजर आ रही है। नगर पंचायत में पिछले तीन से चार वर्षों से स्थाई इंजीनियर की पदस्थापना नहीं होने से अनेक निर्माण कार्य और योजनाएं अधर में लटकी हुई हैं। स्थिति यह है कि नगर पंचायत के मूल पद मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) का अतिरिक्त प्रभार लगभग 40 किलोमीटर दूर कोपरा के अधिकारी को सौंपा गया है, जबकि यहां के इंजीनियर का प्रभार करीब 50 से 55 किलोमीटर दूर नयापारा में पदस्थ अधिकारी के पास है। ऐसे में सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि नगर पंचायत के विकास को लेकर शासन-प्रशासन कितना गंभीर है। नगर पंचायत क्षेत्र में शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित हो रही हैं। इनमें प्रधानमंत्री आवास योजना, सड़क निर्माण, नाली निर्माण, पेयजल व्यवस्था, सफाई व्यवस्था और अन्य मूलभूत सुविधाओं से जुड़े कार्य शामिल हैं। इन योजनाओं के प्रभावी संचालन के लिए नगर पंचायत में सीएमओ और इंजीनियर दोनों की नियमित उपस्थिति आवश्यक होती है। लेकिन दोनों अधिकारियों के दूरस्थ स्थानों पर पदस्थ होने के कारण स्थानीय स्तर पर निर्णय लेने में देरी हो रही है और इसका सीधा असर विकास कार्यों पर पड़ रहा है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों का कहना है कि नगर पंचायत में अधिकारियों की ▶▶| शेष पेज 12 पर

## पिछले 4 वर्षों से स्थाई इंजीनियर की दरकार




### अध्यक्ष की मांग, स्थाई नियुक्ति ही एकमात्र समाधान

नगर पंचायत अध्यक्ष लुकेश्वरी निषाद ने बताया कि नगर के विकास के लिए स्थाई अधिकारियों की नियुक्ति बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि नगरीय प्रशासन विभाग, क्षेत्रीय सांसद, विधायक और जिला प्रशासन के समक्ष कई बार यह मांग रखी जा चुकी है कि छुरा नगर पंचायत में स्थाई सीएमओ और इंजीनियर की नियुक्ति की जाए। ताकि शासन की योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन हो सके और नगर विकास की गति तेज हो।



## खबर संक्षेप

### नारी शक्ति वंदन अधिनियम विकसित भारत की ओर पहला कदम : दशरथ

**फिंगेश्वर।** नारी सशक्तिकरण किसी भी राष्ट्र की प्रगति का आधार होता है। भारत जैसे विशाल और विविधतापूर्ण देश में महिलाओं की भागीदारी को सुनिश्चित करना केवल सामाजिक न्याय ही नहीं, बल्कि समग्र विकास के लिए भी आवश्यक है। इसी दिशा में नारी शक्ति वंदन अधिनियम एक ऐतिहासिक और परिवर्तनकारी पहल के रूप में उभरकर सामने आया है।यह



अधिनियम विकसित भारत के निर्माण की दिशा में एक सशक्त और ठोस कदम माना जा रहा है। उक्त बाते राष्ट्रीय हिंदू वाहिनी संगठन जिलाध्यक्ष एवं अन्य पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला उपाध्यक्ष भाजपा दशरथ सिन्हा ने कही। उन्होंने बताया कि इस अधिनियम का उद्देश्य–नारी शक्ति वंदन अधिनियम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को राजनीतिक और सामाजिक निर्णयों में समान भागीदारी प्रदान करना है। इसके अंतर्गत संसद और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए आरक्षण का प्रावधान किया गया है, जिससे उनकी आवाज को सशक्त मंच मिल सके। महत्व और प्रभाव–यह अधिनियम केवल एक कानून नहीं, बल्कि एक सामाजिक क्रांति की शुरुआत है। इसके माध्यम से महिलाओं को नेतृत्व के अवसर मिलेंगे। नीति निर्माण में महिला-ष्टिकोण शामिल होगा।समाज में लैंगिक समानता को बढ़ावा मिलेगा। आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगा। विकसित भारत की दिशा में भूमिका।विकसित भारत का सपना तभी साकार हो सकता है जब देश की आधी आबादी यानी महिलाएं बराबरी से योगदान दें।

### संविधान और बाबा साहब के संघर्षों से मिला सबको समान अधिकार : इन्द्रकुमार साहू

**अभनपुर।** ग्राम खण्डवा में डॉ. भीम राव अंबेडकर सेवा समिति के तत्वावधान में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती मनाई गई। इस अवसर पर समिति द्वारा ग्राम पंचायत खण्डवा के विभिन्न समाजों के प्रमुखों का सम्मान कर सामाजिक समरसता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक इंद्रकुमार साहू उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि बाबा साहब के संविधान और उनके संघर्षों के कारण ही आज सभी वर्गों को समान अधिकार और सम्मान प्राप्त हुआ है। कार्यक्रम में विशेष रूप से जनपद सदस्य संतु साहू, राजू तरवानी (पूर्व सभापति), सरपंच सुशीला जगदीश भारती, उपसरपंच गप्पू वर्मा, मंडल अध्यक्ष भरत बैंस, सरपंच गौरव शर्मा,समिति अध्यक्ष कुबेर भारती, संजय मिश्रा, सूरज मंडल, मुकेश ढिढी, तिलक बारले, खिरदास, अजय भारती, भूपेश बारले, मनशुखा, ओमदत्त, हरी पटेल, मनोहर भारती, जगदीश भारती, यशवंत कुर्रे, महेंद्र भारती, आलोक, हेमलाल पटेल, हरी ध्रुव, नरेंद्र साहू, बलराम, छवि, लेखु आदिल, वेद, लक्ष्मी वर्मा, सबीना आदिल, रोहानी पुरेना, उमा यादव, रानी बंदे, शुभम, चांद, हेमंत, उमेश, प्रीतम सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## हादसा : शादी समारोह से लौट रहे थे दोस्त, घायलों को एसडीओपी ने तत्काल अस्पताल पहुंचाया

# एनएच 130 सी पर अनियंत्रित होकर फिसली बाइक, एक की मौत, दो गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

मैनपुर-देवभोग नेशनल हाईवे 130 सी पर सड़क हादसों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। गुरुवार शाम करीब 4 बजे हुए एक दर्दनाक हादसे में बाइक सवार एक ग्रामीण की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को एसडीओपी ओमप्रकाश कुजूर ने तत्काल अस्पताल पहुंचाया। मिली जानकारी के अनुसार, जांगड़ा-पायलीखंड निवासी परमानंद कोटिया (52 वर्ष), पूर्व सरपंच चमार सिंह नेताम और गैंदू नागेश एक शादी समारोह में शामिल होने मैनपुर आए थे। समारोह के बाद तीनों एक ही मोटरसाइकिल (सीजी 23 एम 5202) पर सवार होकर अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान सड़क किनारे पहिया फिसल जाने से तीनों सड़क पर बुरी तरह गिर पड़े। घायलों को तत्काल मैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने परमानंद पिता जयराम कोटिया (52 वर्ष) को मृत घोषित कर दिया। वहीं, चमार सिंह नेताम और गैंदू नागेश के चेहरे, पेट और हाथ-पैरों में गंभीर चोटें आई हैं। प्राथमिक उपचार के बाद दोनों की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल गरियाबंद रेफर किया गया है। हादसे की खबर मिलते ही अस्पताल परिसर में ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई।



### हर महीने जा रही जान

नेशनल हाईवे का दर्जा होने के बावजूद झरियाबाहरा से धुरवागुड़ी के बीच सड़क की चौड़ाई कम होना और किनारों पर गहरी पटरियां होना हादसों का मुख्य कारण है। इस मार्ग पर हर महीने औसतन कई लोग जान गंवा रहे हैं और सैकड़ों घायल हो रहे हैं।

### खूनी पटरी और सिंगल रोड का कहर

नेशनल हाईवे 130 सी पर झरियाबाहरा से धुरवागुड़ी तक का मार्ग अब 'ब्लैक स्पॉट' बनता जा रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि सड़क बेहद संकरी (सिंगल रोड) है। गुरुवार को भी बाइक सवार एक बड़े वाहन को साइड देने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन सड़क किनारे की पटरी खराब और नीची होने के कारण बाइक अनियंत्रित होकर सीधे गड्ढे में जा घुसी।

## अमाड़ देवझर अमली मार्ग में पुल निर्माण को लेकर 21 अप्रैल को चक्काजाम की चेतावनी



**मैनपुर।** मैनपुर विकासखंड के उदंती अभ्यारण के भीतर बसे ग्राम अमाड़ देवझर अमली, कुमकोट क्षेत्र के ग्रामीणों ने गुरूवार को मैनपुर पहुंच एसडीएम कार्यालय मे कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर चेतावनी दिया है कि पटटा बहाल नाला पर तत्काल पुल निर्माण प्रारंभ किया जाये अन्यथा 21 अप्रैल दिन मंगलवार को नेशनल हाईवे 130 सी मुख्य मार्ग जुंगाड़ मे चक्काजाम किया जायेगा जिसकी सारी जवाबदारी शासन प्रशासन की होगी। जिला पंचायत सदस्य श्रीमती लोके"वरी नेताम, पूर्व सरपंच पुस्तम सिंह मांझी, मदन यादव, नरहरी सोरी, बिरसिंह, सुकनाथ नेताम, गौतम मरकाम, डिंगर लाल, पीलाराम, टिकचंद, बालाराम, दुलारसिंह, महानसिंह, गोपाल, जंगलमारू व ग्रामीणों ने लिखित आवेदन देकर बताया कि मैनपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत अमाड आश्रित ग्राम देवझर अमली, कुमकोट मुख्य मार्ग में पटटा बहाल नाला पर दिसंबर माह मे पुलिया निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया था ▶▶| शेष पेज 12 पर

## गरियाबंद को 14 करोड़ की सौगात

# सीएम साय आज करेंगे 7 नई सड़कों का वर्चुअल भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत गरियाबंद जिले में स्वीकृत 07 सड़कों की कुल लंबाई 18.08 किमी है। जिसकी कुल लागत 14 करोड़ 23 लाख 65 हजार रुपये है। निर्माण कार्य का भूमिपूजन 17 अप्रैल को सुबह 11 बजे कलेक्टर सभा कक्ष में वर्चुअल माध्यम से आयोजित होगा। इस वर्चुअल कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय तथा अध्यक्षता उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री द्वारा ग्रामीण क्षेत्रें को बारहमासी सड़क संपर्क प्रदान करने वाले इन कार्यों का शुभारंभ किया जाएगा। जिसमें सांसद, विधायक, मीडिया प्रतिनिधि एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहेंगे। इससे दूरस्थ क्षेत्र को पक्की सड़क से जोड़कर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति मिलेगा। छत्तीसगढ़ ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण के कार्यपालन अभियंता ने बताया कि इसके अंतर्गत विकासखण्ड देवभोग के सुपेबेड़ा से परेवापाली तक सड़क की लंबाई 1.56 किलोमीटर बनेगी जिसकी लागत 125.26 लाख रुपये है इसी प्रकार विकासखण्ड गरियाबंद के मरदाकला से कारीडोंगरी तक की लंबाई 3.30 किलोमीटर है जिसकी लागत 272.44 लाख रुपये, रावनडिग्गी से सेम्हरा तक की लंबाई 2.71 किलोमीटर जिसकी लागत 185.11 लाख रुपये है आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर के



मुड़गेलमाल से स्याहीडोंगरी तक की लंबाई 3.34 किलोमीटर है जिसकी लागत 300.66 लाख रुपये, भाठीगढ़ से भटगांव तक की लंबाई 0.86 किलोमीटर 64.73 लाख रुपये, कोदोभांठ से साल्हेभांठ 2.49 किलोमीटर एवं 205.72 लाख रुपये तथा अड़गडी (जरहीडीह) से कोसमबुडा 3.82 किमी एवं 269.63 लाख रुपये निर्धारित है।

**वर्षों पुरानी सड़क निर्माण की मांग पूरी, ग्रामीणों में उत्साह-** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा आज जो सड़क का जो भूमिपूजन किया जाएगा उसमे आदिवासी विकासखंड मैनपुर क्षेत्र के वर्षों पुरानी मांग अड़गड़ी जरहीडीह से कोसमबुड़ा सड़क निर्माण कार्य भी शामिल है जिससे इस क्षेत्र के लोगो में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। बीहड़ जंगल के अंदर बसे इस गांव में पहुंचने के लिए आज तक पक्की सड़क का निर्माण नहीं किया गया है और ▶▶| शेष पेज 12 पर

# वन्यप्राणी रहवास के वृक्षों की कटाई अवैध परिवहन करते 3 तस्कर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व के कोर क्षेत्र में वन्यप्राणी हाथी के रहवास को उजाड़कर अवैध लकड़ी तस्करी करने वाले तीन आरोपियों को वन विभाग ने धर दबोचा है। आरोपियों के विरुद्ध वन्यजीव संरक्षण अधिनियम और भारतीय वन अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर उन्हें 14 दिनों की न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। मुख्य वन संरक्षक (वन्यप्राणी) गुरुनाथन और क्षेत्र संचालक वरुण जैन के मार्गदर्शन में परिक्षेत्र अधिकारी रिसगांव शैलेश बघेल के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। 11 अप्रैल की रात गोपनीय सूचना के आधार पर गश्त के दौरान जोरातराई (कक्ष क्रमांक 148) में एक ट्रेक्टर (सीजी 05 एएल 6275) को रोका गया। तलाशी लेने पर उसमें 1.50 चट्टा जलाऊ लकड़ी और अवैध साजा इमारती लकड़ी लोड पाई गई। पकड़े गए आरोपियों में भुनेश्वर नेताम, द्वारिका प्रसाद ध्रुव और धनंजय (सभी निवासी ग्राम आमाबहार, धमतरी) शामिल हैं। जांच में खुलासा हुआ कि भुनेश्वर और द्वारिका पहले भी वन अपराधों में संलिप्त रहे हैं। दिसंबर 2025 में



भी इनके विरुद्ध अरसीकन्हार परिक्षेत्र में अवैध कटाई और परिवहन का मामला दर्ज किया गया था। अपराध की पुनरावृत्ति को देखते हुए विभाग ने इस बार कड़ी कार्रवाई की है।

**हाथी के रहवास को पहुंचाया नुकसान-** वन विभाग के अनुसार, आरोपियों ने बिना अनुमति कोर क्षेत्र में प्रवेश कर न केवल पेड़ों की कटाई की, बल्कि शेड्यूल-1 के संरक्षित वन्यप्राणी हाथी के रहवास को भी विनाश पहुंचाया। यह कृत्य वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा 27, 29, 31, 50, 51 के तहत गंभीर अपराध की श्रेणी में आता है। गिरधर दीवान (वनरक्षक) द्वारा पी.ओ.आर दर्ज करने के बाद, सहायक परिक्षेत्र अधिकारी रिसगांव ने आरोपियों को न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी नगरी के समक्ष पेश किया। माननीय न्यायालय ने सभी आरोपियों को 14 दिनों की न्यायिक रिमांड पर स्वीकार किया, जिसके बाद उन्हें 13 अप्रैल को जिला जेल धमतरी दाखिल कर दिया गया। इस सफल कार्रवाई में सहायक संचालक (सीतानदी) भोपाल सिंह राजपूत, परिक्षेत्र अधिकारी शैलेश बघेल, गिरधर दीवान, पेट्रोलिंग श्रमिकों और फायर वॉचरों का विशेष योगदान रहा। टाइगर रिजर्व प्रबंधन ने स्पष्ट किया है कि कोर क्षेत्र में किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जाएगी।




## स्कूलों में 20 अप्रैल से समर वेकेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

छत्तीसगढ़ में लगातार बढ़ती भीषण गर्मी और लू के हालात को देखते हुए राज्य सरकार ने बड़ा निर्णय लिया है। प्रदेशभर के स्कूलों में अध्ययनरत बच्चों को राहत देते हुए ग्रीष्मकालीन अवकाश की घोषणा कर दी है। जारी आदेश के अनुसार यह छुट्टियां 20 अप्रैल सोमवार से प्रारंभ होकर 15 जून तक प्रभावी रहेंगी। स्कूल शिक्षा विभाग के अवर सचिव आर के वर्मा द्वारा जारी निर्देश में स्पष्ट किया गया है कि प्रदेश में तापमान लगातार खतरनाक स्तर तक पहुंच रहा है, जिससे बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका है। विशेषकर दोपहर के समय लू और तपती गर्म हवाओं ने जनजीवन को प्रभावित कर दिया है। ऐसे में विद्यार्थियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए यह निर्णय लिया गया है। हालांकि, अवकाश केवल विद्यार्थियों के लिए लागू होगा। आदेश में यह भी उल्लेख किया गया है कि शिक्षक और स्कूल स्टाफ नियमित रूप से विद्यालयों में उपस्थित रहेंगे ▶▶| शेष पेज 12 पर

## नवापारा-राजिम के वार्डों में ई-केवायसी शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

■ ई-केवायसी के बिना रुक सकती है महतारी वंदन किस्त

छत्तीसगढ़ सरकार की बेहद महत्वाकांक्षी महतारी वंदन योजना के तहत महिला लाभार्थियों के लाभ के लिए ई-केवायसी अनिवार्य कर दिया गया है। प्रत्येक माह 1000 प्राप्त करने के लिए लाभार्थी महिलाओं को डिजिटल तरीके से पोर्टल में पहचान दर्ज करानी होगी। जिसके लिए महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा नगर के चौक चौराहों में शिविर लगाए गए है। ई-केवायसी की प्रक्रिया 3 अप्रैल से आरम्भ हो चुकी है। जिसकी अंतिम तिथि 30 जून निर्धारित है। वार्ड क्रमांक 20 एवं 21 के आंगनबाड़ी केंद्र में ई-केवायसी की प्रक्रिया जारी है। शिविर में लाभार्थी



महिलाओं की भारी भीड़ देखी गई। महिलाएं अपना आधार एवं महतारी वंदन योजना के नंबर से ई-केवायसी पंजीयन करा सकती है। वार्ड ▶▶| शेष पेज 12 पर

# निशुल्क प्रशिक्षण से संवर रहा युवाओं का भविष्य, अग्निवीर मयंक यादव का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

धर्म नगरी राजिम में विगत पांच वर्षों से चलाए जा रहे निशुल्क सैन्य भर्ती प्रशिक्षण में प्रशिक्षार्थियों को व्याख्याता एवं एनसीसी अधिकारी सागर शर्मा के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में पूर्व एवं वर्तमान सैनिकों तथा निशुल्क सैन्य भर्ती प्रशिक्षण राजिम के सदस्यों द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है जिससे लाभान्वित होकर क्षेत्र के कई युवाओं का चयन भारतीय सेना, अग्निवीर, अर्धसैनिक बल, जिला पुलिस बल, नगर सेना, वन विभाग आदि रक्षा के क्षेत्रों में हुआ है इन्हीं युवाओं में से एक राजिम नगर निवासी मयंक यादव पिता सुनील यादव का चयन अग्निवीर में हुआ जिनकी वर्तमान में पदस्थापना 14 यूनिट, जम्मू एवं काश्मीर राइफल, पश्चिम बंगाल में है जो कि अपने अवकाश अवधि में गृह नगर राजिम आए थे। इस अवसर पर शाल,श्री फल एवं प्रतीक चिन्ह से सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में प्रमुख रूप से महेश यादव अध्यक्ष नगर पालिका राजिम,पूर्णिमा चंद्राकर उपाध्यक्ष ,भारत यादव पार्षद ,संजय ठाकुर सब इंस्पेक्टर गरियाबंद, सुनील यादव, जीत्तू यादव, डिकेश शर्मा, सुरेश यादव, डेविड बंजारे,वैभव यादव, रंजीत पटेल,सारांश शर्मा,कान्हा यादव, मोनिका देवांगन, राधा ध्रुव मौजूद थे। श्री शर्मा ने बताया कि सन 2021 से नगर के हृदय स्थल व प्रतिष्ठित पंडित रामबिशाल पांडेय, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ठ अंग्रेजी,हिन्दी विद्यालय राजिम एवं स्टेडियम राजीव लोचन महाविद्यालय में नगर व क्षेत्र के ऐसे युवाओं को जो सशस्त्र सेना बल, पुलिस सेवा आदि में जाने का जज्बा रखते हैं उन्हे पूर्णतः निशुल्क सही मार्गदर्शन देते हुए वर्तमान एवं पूर्व सैनिकों द्वारा शारीरिक रुप से प्रशिक्षित किया जा रहा है साथ ही लिखित परीक्षा हेतु भी तैयारी करवायी जा रही है ताकि ज्यादा से ज्यादा हमारे क्षेत्र से युवाओं का चयन हो सके जिसमें अब तक 18 युवाओं का चयन विभिन्न रक्षा विभागों में हुआ है इस पुनित कार्य में मंच से जुडे समस्त सदस्यों ,जनप्रतिनिधियों, व्यापारी बंधुओं व पत्रकारो का सहयोग प्राप्त हो रहा है।

### नगर पालिका अध्यक्ष ने बढ़ाया उत्साह



सम्मान समारोह में संबोधित करते हुए महेश यादव अध्यक्ष नगर पालिका राजिम ने भारत माता की जय, जय हिन्द की सेना का जय घोष करते हुए कहा कि ये राजिम के लिए गर्व की बात है कि यहाँ ऐसे शिक्षक भी हैं जिनके नेतृत्व में ऐसा आयोजन हमारे नगर में हो रहा है जिसमें कई युवा सफल होकर चयनित हो रहे है और राजिम नगर पालिका के ही पांच युवाओं का चयन हो चुका है साथ ही उन्होंने युवाओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि मैं आप सभी में भविष्य के फौजी, जवानों को देख रहा हू और निश्चित ही आप सभी सफल होंगे। उपाध्यक्ष पूर्णिमा चंद्राकर, पार्षद भारत यादव, एस आई संजय ठाकुर ने युवाओं को प्रोत्साहित किया। जवान मयंक यादव ने मंच से जुड़कर अपने तैयारी से लेकर चयन तक की यादों को साझा किया और प्रशिक्षार्थियों को सतत अभ्यास जारी रखने कहा। संचालन सागर शर्मा एवं आभार प्रदर्शन डिकेश शर्मा ने किया।

## खबर संक्षेप

### वेदांता पॉवर प्लांट हादसा कांग्रेस ने बनाई जांच समिति

**रायपुर।** वेदांता पॉवर प्लांट हादसे को लेकर छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने भी जांच समिति का गठन किया है। अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देश पर पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल के नेतृत्व में गठित जांच समिति में 9 लोगों को शामिल किया गया है। घटना के संबंध समिति पीड़ित परिवारों से मिलकर स्थिति का जायजा लेगी।
जांच समिति में पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल के साथ पूर्व मंत्री नोबेल वर्मा, चंद्रपुर विधायक रामकुमार यादव, कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव, जैजेपुर विधायक बालेश्वर साहू, अकलतरा विधायक राघवेंद्र सिंह, जांजगीर-चांपा विधायक व्यास कश्यप, पामगढ़ विधायक शेषराज हरवंश, सक्ती जिला अध्यक्ष रश्मि गवेल और जांजगीर-चांपा जिला अध्यक्ष राजेश अग्रवाल शामिल हैं।

### 'राशन एटीएम' का पायलट प्रोजेक्ट लांच करने की तैयारी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की विष्णु देव साय सरकार राज्य में सरकारी राशन दुकानों में हो रही गड़बड़ियों को रोकने के लिए बड़ा कदम उठाने जा रही है। सरकार अब 'राशन एटीएम' का पायलट प्रोजेक्ट लॉन्च करने की तैयारी में है। यह व्यवस्था उड़ीसा की राजधानी भुवनेश्वर की तर्ज पर लागू की जाएगी, जहां इस तरह की मशीनें पहले से काम कर रही हैं। नई व्यवस्था लागू होने के बाद हितग्राही एटीएम मशीन की तरह ही अपनी फिंगरप्रिंट स्कैन कर राशन प्राप्त कर सकेंगे, इससे पारंपरिक दुकानों पर निर्भरता कम होगी और प्रक्रिया ज्यादा आसान व पारदर्शी बनेगी। राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष संदीप शर्मा के मुताबिक, प्रदेश में पहली बार राशन एटीएम मशीनें लगाई जा रही हैं।

### एयरपोर्ट में ईवी चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर का उद्घाटन



**रायपुर।** स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट में गत दिनों अडानी टोटल एनर्जी ई-मोबिलिटी द्वारा स्थापित नए इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) चार्जिंग स्टेशन का उद्घाटन कार्यवाहक विमानपत्तन निदेशक केके लहरे द्वारा किया गया। यह पहल रायपुर शहर में हरित अवसंरचना को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर वाणिज्यिक एवं विद्युत विभाग के अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे। नवस्थापित चार्जर की क्षमता 60 किलोवाट है तथा यह सीसीएस टाइप-2 कनेक्टर से सुसज्जित है, जो इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए फास्ट चार्जिंग की सुविधा प्रदान करता है।

### रजिस्ट्री दर बढ़ोतरी का विरोध

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री कन्हैया अग्रवाल ने प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा जमीन-मकान की रजिस्ट्री दरों में की जा रही बढ़ोतरी पर एतराज करते हुए हुए महिलाओं को दो प्रतिशत की छूट को जनता के साथछलावा करार दिया है । उन्होंने कहा कि एक तरफ केंद्र की मोदी सरकार पूरे देश में पंजीयन शुल्कों को तर्कसंगत बनाने 5 फीसदी रखने का सुझाव दे रही है, वहीं छत्तीसगढ़ की सरकार इन सुझावों को ठेंगा दिखाकर 10 फीसदी वसूली कर जनता की जेब पर डाका डाल रही है।

## नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर महासम्मेलन में शामिल हुई हजारों महिलाएं

# सीएम साय बोले- पीएम मोदी ने 12 वर्षों में महिलाओं का सम्मान बढ़ाने का किया काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में नारी शक्ति महासम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न समाजिक संगठन की महिलाएं हजारों की संख्या में शामिल हुई। सम्मेलन में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा, 21वीं सदी में एक बहुत महत्वपूर्ण निर्णय होना जा रहा है। संसद में महिलाओं का 33 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित किया जा रहा है। इसके लिए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नए भारत का निर्माण कर रहे हैं। नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में पूरे देश में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन के लिए विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम चल रहे हैं।

उन्होंने कहा, आधुनिक भारत के निर्माण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी काम कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने 12 वर्षों में महिलाओं का सम्मान बढ़ाने का काम किया है। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान, सुकन्या समृद्धि योजना, नारी शक्ति वंदन अधिनियम योजना सहित कई योजनाओं का संचालन महिलाओं के लिए केन्द्र सरकार संचालित कर रही है। देश के सर्वोच्च पद पर एक महिला द्रौपदी मुर्मू देश का प्रतिनिधित्व कर रही हैं।




### पीएम का एक ही प्रण मातृत्व वंदन का हो सर्वत्र अभिनंदन- पांडेय

भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पांडेय ने कहा, नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 में पारित हुआ। नारी शक्ति वंदन अधिनियम पहले संसद में 1996, 1998, 2008 में प्रस्तुत हुआ, लेकिन इसका समर्थन किसी ने नहीं किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, 2029 में नारी शक्ति वंदन अधिनियम लागू होगा लोकसभा और विधानसभा में 33 प्रतिशत आरक्षण महिलाओं को मिलेगा, इसके लिए विशेष सत्र बुलाया है।

### नारी शक्ति वंदन अधिनियम एक निर्णायक कदम- रजवाड़े

महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा, नारी शक्ति अधिनियम देश की माता-बहनों और बेटियों को सशक्त बनाने की योजना हैं। महिलाओं की नीति निर्माण तथा राजनीतिक नेतृत्व में सहभागिता सुनिश्चित करने प्रधानमंत्री और राज्य के मुख्यमंत्री एवं समस्त मातृशक्ति को बहुत-बहुत बधाई। उन्होंने कहा, नारी शक्ति अधिनियम केवल एक विधायी दस्तावेज नहीं है, बल्कि यह उन करोड़ों महिलाओं के समर्थ उनके संघर्ष और उनकी अटूट समर्पण का सम्मान है, जो घर की चार दिवारी से लेकर अंतरिक्ष के अभियान तक भारत का तिरंगा फहरा रही है।

### सीएम के साथ सेल्फी लेने दिखा उत्साह

दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम, रायपुर में आयोजित नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम का दृश्य अत्यंत उत्साह और आत्मीयता से भरा रहा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पहुँचीं महिलाओं में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के साथ सेल्फी लेने को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। महिलाओं की उमंग और उत्साह को देखते हुए मुख्यमंत्री ने भी बड़े सहज और स्नेहपूर्ण अंदाज में स्वयं उनके मोबाइल लेकर एक-एक के साथ सेल्फी ली।

### दर्शक दीर्घा में बैठे थे मुख्यमंत्री

नारी शक्ति वंदन टाऊन हॉल महासम्मेलन में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बहनों के सम्मान में दर्शक दीर्घा के अंतिम कतार में बैठकर नारी शक्ति वंदन अभियान का अभिनंदन किया। इस दौरान उप मुख्यमंत्री अरूण साव, प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन, डॉ. नवीन मार्कण्डेय, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक पुरंदर मिश्रा, जिलाध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर मौजूद रहें । इस दौरान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पुष्पवर्षा करके बहनों का अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री के सुरक्षा में महिला सुरक्षाकर्मी जुटी हुई थीं, जो नारी शक्ति वंदन महासम्मेलन में चर्चा की विषय बनी रहीं।

### बाइक रैली निकाल कर आभार जताया

इससे पूर्व कार्यक्रम की शुरुआत नारी शक्ति वंदन अधिनियम के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त करने के लिए महिला मोर्चा ने बाइक रैली के माध्यम से आभार व्यक्त किया। बाइक स्कूटी रैली राजधानी रायपुर के आजाद चौक से प्रारंभ हुई जो पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में संपन्न हुई। कार्यक्रम के बाद महिला मोर्चा की बहनों ने नारी शक्ति पदयात्रा निकालकर सदन में महिलाओं की 33 प्रतिशत आरक्षण के लिए प्रधानमंत्री को धन्यवाद ज्ञापित किया।

# एमपी के पेंशनरों को पैसा दे रहा था छत्तीसगढ़, अब साढ़े 10 हजार करोड़ रुपए वापस लेगी सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मध्यप्रदेश के पेंशनरों को पैसा दे रहा था छत्तीसगढ़, अब 10536 करोड़ रुपए की राशि सरकार वापस लेगी। बंटवारा नियमों की अनदेखी की वजह से यह चूना लग रहा था। बुधवार को हुई कैबिनेट की बैठक में पेंशन भुगतान विवाद में अतिरिक्त राशि की वापसी पर सहमति बनी है। राज्य सरकार का इसमें से 2000 करोड़ मिल चुका है, जबकि बाकी राशि 6 किस्तों में मिलेगी।

दरअसल, 25 साल पहले मप्र और छत्तीसगढ़ के बंटवारे के वक्त जितने भी पेंशनधारी छत्तीसगढ़ में रह गए और बाद में जो रिटायर हुए, उनकी पेंशन को लेकर एक मानक तैयार किया गया था। बंटवारे की शर्त थी कि इन लोगों की पेंशन को लेकर जो भी वित्तीय भार छत्तीसगढ़ पर आएगा, उसमें हर एक रुपए का 26.63 प्रतिशत पैसा छग को देना होगा। शेष 73.37 प्रतिशत पैसे की भरपाई मप्र करेगा। पेंशन वितरण में भी यह लागू रहा।

### त्रुटिपूर्ण लेखांकन से अतिरिक्त भुगतान

*साय कैबिनेट की बैठक में ये फैसला हुआ है कि मध्यप्रदेश राज्य पुनर्गठन अधिनियम 2000 के प्रावधानों के अनुरूप छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश के बीच पेंशन दायित्वों के विभाजन के संदर्भ में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा पूर्व वर्षों में किए गए 10,536 करोड़ रुपए के आधिक्य पेंशन भुगतान की राशि की वापसी पर सहमति दी गई। बैंकों द्वारा पूर्व में हुए त्रुटिपूर्ण लेखांकन के कारण यह अतिरिक्त भुगतान हुआ था, जिसका पुनर्मिलान एवं सत्यापन संयुक्त दल द्वारा किया गया है।*

### 6 किस्तों में देगी 8536 करोड़ की राशि

*प्रस्ताव के अनुसार, मध्यप्रदेश शासन द्वारा 2,000 करोड़ रुपए की राशि वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्रदान की जा चुकी है तथा शेष 8,536 करोड़ रुपए की राशि आगामी 6 वार्षिक किस्तों में दी जाएगी। मंत्रिपरिषद ने इस व्यवस्था को स्वीकार करते हुए वित्त विभाग को आवश्यक कार्यवाही के लिए अधिकृत किया है।*

### एमपी का शेयर मिल ही नहीं रहा था

हाल ही में छग सरकार में खर्चों का दबाव बढ़ा, तो वित्त की टीम ने पड़ताल शुरू की। पेंशन के आंकड़े देखें, तो पता चला कि मप्र का शेयर तो मिल ही नहीं रहा। यानी पूरा भुगतान छत्तीसगढ़ के खाते से ही हो रहा था। मप्र सरकार भी पैसा देने को राजी हो गई है। मशक्कत इस बात की हो रही थी कि यह पैसा एकमुश्त न देकर दो-तीन साल की किस्तों में दिया जाए।

## केन्द्री क्रॉसिंग के लिए चंद्रशेखर साहू ने त्यागा था गांव, निर्माण के बाद ग्रामीणों ने किया सम्मान



**अभनपुर।** अभनपुर-रायपुर राष्ट्रीय राजमार्ग ग्राम केन्द्री के समीप रोड क्रासिंग निर्माण की मांग आम लोगों द्वारा किया जा रहा था। पूर्व मंत्री चन्द्रशेखर साहू को भी इस परेशानी से अवगत कराया गया था जिस पर उन्होने ग्रामवासियों के सामने संकल्प लिया था कि जब तक राष्ट्रीय राजमार्ग पर रोड क्रासिंग नहीं बनता तब तक ग्राम केन्द्री में कदम नहीं रखेंगे। उन्होने इस संबंध में लगातार संबंधित विभाग से चर्चा कर क्रासिंग निर्माण के लिए प्रयास किया जा रहा था। ग्राम केन्द्री के पास रोड क्रासिंग का निर्माण पुर्ण होने पर ग्रामवासियों द्वारा उनका सम्मान समारोह आयोजित कर उनका सम्मान किया गया। विदित हो कि उक्त क्रासिंग निर्माण से ग्राम केन्द्री सिंगारभाठा, सलोनी, सिवनी, उपरवारा आदि दर्जनो गांव के ग्रामवासियों को इस सुविधा का लाभ मिलेगा। अभी तक आम जनता को या गलत दिशा में लगभग 2 किलोमीटर जाना पड़ता था जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती थी। सम्मान समारोह के अवसर पर पूर्व मंत्री चन्द्रशेखर साहू ने कहा कि इस गांव के आस-पास राष्ट्रीय स्तर के शैक्षणिक संस्थान व कई गांवों का रोड पार कर आना जाना रहता है राष्ट्रीय राजमार्ग पर अन्य स्थानों पर भी क्रासिंग बनाया गया है जिसकी यहां पर भी अत्यंत आवश्यकता थी इसी विचार के साथ हमने संकल्प लेकर ग्रामवासियों के सामने घोषणा की थी यह कोई पूर्व नियोजित विचार नहीं था।

## यूसीसी पर कांग्रेस बोली आदिवासियों के अधिकारों पर डाका

### मंत्री का जवाब-'उन्हें हाय तौबा नहीं मचाना चाहिए'



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की साय सरकार ने प्रदेश में यूनिफॉर्म सिविल कोड लागू करने का फैसला लिया है। इसे लेकर अब नेताओं की प्रतिक्रिया भी आनी शुरू हो गई है। यूसीसी को लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, अगर छत्तीसगढ़ में यूसीसी लागू होता, तो सबसे बड़ा नुकसान छत्तीसगढ़ के आदिवासियों को होगा। यूसीसी छत्तीसगढ़ के आदिवासियों के खिलाफ है, राज्य में केवल आदिवासी ही ऐसे हैं, जिन्हें प्रदेश में निवासरत अन्य लोगों की अपेक्षा विशेष संवैधानिक संरक्षण मिला हुआ है। उनकी रक्षा के लिए पेसा कानून लागू है और 5 अनुसूची लागू है और भाजपा यूसीसी लाकर आदिवासियों के हितों में डकैती डालने की कोशिश में है। विपक्ष के आरोपों पर कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने कहा, इसमें किसी को हाय तौबा नहीं मचाना चाहिए। कांग्रेस अपना धर्म निभाये, हम अपना काम करेंगे। मोदी की गारंटी पर हम लगातार काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा, सालों से यूसीसी को लागू करना बीजेपी के एजेंडे में रहा है। आज साय कैबिनेट ने ऐतिहासिक निर्णय लिया है, जितनी जल्दी यूसीसी लागू हो हमारी मंशा है। बैज ने कहा, जब से बस्तर में नक्सलवाद खत्म होने की घोषणा हुई है, उसके बाद से ही भाजपा के समर्थित उद्योगपति बस्तर में आदिवासियों की जमीन पर नजरें गड़ाये हुए हैं।

### यह हमारा वादा था, कांग्रेस देश विरोधी ताकतों के साथ खड़ी- यादव

*साय सरकार में विधि मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा, यूसीसी लागू करने का हमारा वादा था। मोदी जी का सीना 56 इंच का है। तुष्टिकरण के लिए काम नहीं करते। कांग्रेस के लोग धारा 370 हटने पर खून की नदी बहने की बात बोलते थे। देश की जनता सभी मुद्दों पर सरकार के साथ रहती है। कांग्रेस देश विरोधी ताकतों के साथ खड़ी रहती है। कांग्रेस चाहती है देश धर्मांतरित मतांतरित हो जाए।*

## नारी शक्ति वंदन अधिनियम कार्यक्रम झूठी श्रेय लेने की होड़ः कांग्रेस



**रायपुर।** नारी शक्ति वंदन अधिनियम भाजपा द्वारा किया जा रहा कार्यक्रम झूठा श्रेय लेने की कवायद है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, महिलाओं की विधानमंडलों में आरक्षण कांग्रेस की समतावादी सोच का परिणाम है। भाजपा की विचारधारा तो महिला आरक्षण की विरोधी रही है। कांग्रेस की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी और राहुल गांधी हमेशा से प्रयत्नशील थे कि महिलाओं को उनका पूरा अधिकार मिले। कांग्रेस की यूपीए सरकार ने इसके लिए ठोस प्रयास भी किया था। महिलाओं के लिए संसद और राज्यों की विधानसभाओं में एक तिहाई आरक्षण के लिए तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने संविधान संशोधन विधेयक लाया। विधेयक 9 मार्च 2010 को राज्यसभा में पारित हुआ। उन्होंने कहा, भाजपा राजनैतिक मजबूरी के कारण आरक्षण बिल लाने जा रही है। भाजपा की नरेंद्र मोदी सरकार अपनी जनविरोधी नीतियों के कारण अलोकप्रिय हो चुकी है।

पेज 11 के शेष...

### प्रभार के भरोसे...

अनुपस्थिति से जनता को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। छोटे-छोटे कार्यों के लिए लोगों को कई दिनों तक इंतजार करना पड़ता है। वहीं निर्माण कार्यों की तकनीकी स्वीकृति, माप-जोख और गुणवत्ता निरीक्षण जैसे महत्वपूर्ण कार्य इंजीनियर के अभाव में समय पर नहीं हो पा रहे हैं। इससे कई योजनाएं केवल कागजों तक सीमित होकर रह गई हैं।

उन्होंने कहा कि नगर पंचायत के सामने वर्तमान में कई महत्वपूर्ण विकास कार्य लंबित हैं, जिनमें सड़क मरम्मत, नाली निर्माण, जल निकासी व्यवस्था, सफाई व्यवस्था तथा नए निर्माण कार्यों की योजनाएं शामिल हैं। इन सभी कार्यों के लिए तकनीकी और प्रशासनिक स्तर पर अधिकारियों की आवश्यकता होती है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों के अतिरिक्त प्रभार में होने के कारण काम प्रभावित हो रहा है। नगरवासियों का भी कहना है कि जब किसी नगर पंचायत में मूलभूत पदों पर स्थाई अधिकारी ही नहीं होंगे तो विकास की उम्मीद कैसे की जा सकती है। लोगों का मानना है कि शासन को नगर पंचायत छुरा की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए जल्द से जल्द दोनों पदों पर नियमित नियुक्ति करनी चाहिए, ताकि वर्षों से रुके विकास कार्यों को गति मिल सके। अब देखना यह होगा कि नगरवासियों और जनप्रतिनिधियों की लगातार उठ रही मांग पर शासन-प्रशासन कब तक ध्यान देता है और छुरा नगर पंचायत को स्थाई अधिकारी मिल पाते हैं या नहीं। फिलहाल नगर के लोग यही सवाल कर रहे हैं कि जब सीएमओ कोपरा से और इंजीनियर नयापारा से आएंगे, तो आखिर नगर का विकास कैसे होगा?

### अमाड़ देवझरअमली...

लेकिन अचानक कार्य बंद कर दिया गया और वहां से पूरा सामग्री वापस ले गये ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि इस नाला में पूर्व में रपटा का निर्माण किया गया था जिसे बगैर किसी अनुमति के प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अधिकारियों एवं ठेकेदार द्वारा तोड़ दिया गया जिससे अब आने जाने मे भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है बारिश होने पर पूरा आवागमन बाधित हो जायेगा बरसात के दिन मे इस क्षेत्र की हालात बद से बद्तर हो जाती है ग्रामीणों ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा इस क्षेत्र मे कोई ध्यान देने वाला नही है पहले से बने रपटे को तोड़ दिया गया और जो पुल निर्माण कार्य किया जा रहा था उसे रोक दिया गया कई बार शिकायत कर चुके है लेकिन कोई सुनने वाला नही है जिससे मजबूर होकर 21 अप्रैल दिन मंगलवार को नेशनल हाईवे मे चक्काजाम किया जायेगा।

### सीएम साय आज...

तो और यहां के ग्रामीणों को राशन के लिए पंचायत तक पैदल आना पड़ता है। स्कूली बच्चे जान जोखिम में डालकर जंगल रास्ता तय कर स्कूल पहुंचते है। वहीं भाठीगढ़ भठगांव मार्ग की भी मांग लंबे समय से किया जा रहा था।

### स्कूलों में 20 अप्रैल...

और प्रशासनिक व अन्य आवश्यक कार्यों का संचालन जारी रखेंगे। इस आदेश के बाद प्रदेशभर के अभिभावकों और विद्यार्थियों ने राहत की सांस ली है। लगातार बढ़ती गर्मी के बीच यह फैसला बच्चों के स्वास्थ्य और सुरक्षा के दृष्टिकोण से अहम माना जा रहा है। गौरतलब है कि अप्रैल माह के मध्य से ही छत्तीसगढ़ में गर्मी ने तीखे तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। सुबह 10 बजे के बाद धूप इतनी तेज हो जाती है कि बाहर निकलना मुश्किल हो रहा है, वहीं दोपहर में सड़कों पर सन्नाटा नजर आता है। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में तापमान और बढ़ने की संभावना जताई है, जिससे लू के प्रकोप में और इजाफा हो सकता है। ऐसे हालात में सरकार का यह निर्णय न केवल छात्रों के लिए राहतभरा है, बल्कि अभिभावकों के लिए भी चिंता कम करने वाला कदम साबित होगा। गर्मी की छुट्टी का मजा बच्चे करीब दो महिना ले पाएंगे इस अवधि में अपने मामा-मामी,नाना-नानी के यहां मौज-मस्ती करेंगे। बता दें कि शासन का ये आदेश प्रदेश के सभी शासकीय, अनुदान प्राप्त, गैर अनुदान प्राप्त, अशासकीय शालाओं में भी लागू होगा। स्पष्ट किया गया है कि शिक्षकों के लिए यह लागू नहीं होगा।

### नवापारा-राजिम...

क्रमांक 20 की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ललिता सेन ने बताया कि वार्ड की लाभार्थी महिलाओं को शिविर की सूचना दे दी गई है। शिविर में निजी चॉइस सेंटर के ऑपरेटर लैपटॉप एवं बायोमेट्रिक मशीन की सहायता से ई-केवायसी की प्रक्रिया पूर्ण कर रहे है। एक लाभार्थी का डिजिटल पहचान दर्ज करने में दो से तीन मिनट का समय लग रहा है। ई-केवायसी लाभार्थी महिलाओं के लिए पूर्णतः निःशुल्क है। वार्ड की महिलाओं को योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए ई-केवायसी करवाना अनिवार्य है। वार्ड क्रमांक 20 एवं 21 में ई-केवायसी के कार्य में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पुष्पा शर्मा, ममता साहू, ऑपरेटर हरिहर देवांगन सहयोग प्रदान कर रहे है।

## नवापारा-राजिम में केमिकल के भरोसे पक रहा आम, सेहत के साथ खिलवाड़

# फलों का राजा आम, सुंदरी 150 और बैगन 120 रुपए किलो

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

आम को फलों का राजा कहा जाता है। परंतु इस बार के आम में कोई स्वाद नहीं है। कारण क्या है? इसे फल बेचने वाले भी नहीं बता पा रहे हैं। नवापारा और राजिम शहर में 50 से अधिक फल की दुकानें बस स्टैण्ड से लेकर सदर बाजार, गंज मार्ग, पालिका चौक, सोमवारी बाजार, इंदिरा मार्केट और नवापारा-राजिम जाने वाले मेन रोड के आजू-बाजू लगे हुए हैं। इन सभी दुकानों में ग्राहकी भी जमकर लग रही है। आम में मिठास न होने के बावजूद लोग इसे इसलिए खरीद रहे हैं कि साल में एक बार गर्मी के सीजन में ही यह मिलता है। नवापारा मार्केट में अभी सुंदरी और बैगन आम ही पहुंचा हुआ है। ये आम मार्च से आ गया है। सुंदरी 150 रूपए और बैगन 120 रुपए किलो चल रहा है। आम को आए पूरे-पूरे डेड़ महीना हो गए, मगर उस तरह का मिठास नहीं है, जैसा होना चाहिए। जबकि जून 15 से लोग आम खाना ही बंद कर देते हैं। जून में दशहरी, चौसा, लंगड़ा और नीलम आम मार्केट में पहुंचता है। फलों के बारे में आज की तारीख में कोई भी यह गारंटी नहीं दे सकता कि वह विशुद्ध रूप से फल बेच रहा है। आम को ही लें। आम पहले कार्बेट से पकाया जाता था। फल मार्केट में जब से छापा पड़ा। इस पर बंदिश लग गई। कार्बेट की जगह अब पाऊच में पावडर आने लगा है। सौ पैकेट पाऊच की कीमत तीन सौ रुपये है। ये कौन सा पावडर है? किसी को नहीं मालूम। फल बेचने वालों को रायपुर के फल मार्केट वाले यह कहकर देते हैं कि कच्चा आम इस पाऊच से पक जाता है। रायपुर से निकलकर आम जब कस्बों और गांवों में पहुंचता है, तो कच्चा रहता है। इस कच्चे आम को कैरेट में रखकर पाऊच को पानी में भिगोकर तीन-चार जगहों पर कैरेट के भीतर रखकर ऊपर से पेपर या किसी कपड़े से ढंक दिया जाता है। ये कच्चा आम तीन से चार दिन के बीच में हरा से पीला कलर बन जाता है, मतलब इसी को पका आम कहते हैं। एक कैरेट में करीब 30 किलो आम आता है। 30 किलो आम को पकाने के लिए 5 से 6 पाऊच का उपयोग होता है।



**मनमाने रेट में बिक रहा-** एक जमाना था जब 10 और 20 रुपए किलो में यही आम हर ठेलों में मिल जाता था और वह खूब मीठा भी रहता था। आम की मिठास के गायब होने के क्या कारण हैं? क्षेत्र के कईयों गांव में आम की अमराई थी। धीरे-धीरे झाड़ कटते चले गए। आज स्थिति यह हो गई है कि लोगों को अचार बनाने के लिए भी तरसना पड़ता है। ऐसी बात नहीं है कि मार्केट में कच्चा आम न आ रहा हो। आम आ रहा है, वह बाहर का है। वह भी मनमाने रेट में बिक रहा है। लोगों के लिए अब लोकल चुहकने वाला आम साना की तरह हो गया है। फल मार्केट की खासियत भी रहती है कि जब तक जिस फल की डिमांड बनी रहती है, उसके भाव आसमान छूते रहते हैं। नवाारा और राजिम दोनों शहर मिलाकर तकरीबन 50 से अधिक फल की दुकान और ठेले सजे हुए हैं, ार रेट सबका कमोवेश एक जैसा ही है।

**खबर संक्षेप**

## छोटी साड़ियां सरकार की भ्रष्टाचार की पोल खोल रही हैं : सुखचंद बेसरा

**गरियाबंद।** छत्तीसगढ़ में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को बांटी जा रही साड़ियों के आकार में कटौती को लेकर कांग्रेस ने प्रदेश की भाजपा सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है।जिला कांग्रेस कमेटी गरियाबंद के अध्यक्ष सुखचंद बेसरा ने इसे मातृशक्ति



का अपमान बताते हुए सरकार की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। बेसरा ने जारी बयान में कहा कि प्रदेश की विष्णु देव साय सरकार एक तरफ महिला सशक्तिकरण का ढोल पीट रही है, वहीं दूसरी ओर विभाग के माध्यम से ऐसी साड़ियां बांटी जा रही हैं जो पहनने योग्य ही नहीं हैं।मानक आकार से काफी छोटी इन साड़ियों ने सरकार के भ्रष्टाचार और संवेदनहीनता की पोल खोल दी है। सुखचंद बेसरा ने कहा कि साड़ियों के कपड़े और लंबाई में कटौती करना सीधे तौर पर करोड़ों रुपये के घोटाले का संकेत है। आखिर किसके इशारे पर टेंडर की शर्तों का उल्लंघन कर छोटी साइज की साड़ियां खरीदी गईं? इसकी उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि बस्तर की मेहनती महिलाएं और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता दिन-रात शासन की योजनाओं को जमीन पर उतारती हैं।

### फटकार : कलेक्टर ने मैनपुर के विकास कार्यों को परखा, कहा -व्यवस्था दूरूस्त करें नहीं तो होगी कार्रवाई

# तहसील कार्यालय के घटिया निर्माण पर ठेकेदार को फटकार अमलीपदर पुल बरसात से पहले पूरा करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

गरियाबंद कलेक्टर भगवान सिंह उइके ने गुरुवार को मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र का दौरा कर नीति आयोग आकांक्षी ब्लॉक के अंतर्गत संपूर्णता अभ्यिान 2.0 के एवं पीएम जनमन के तहत किए जा रहे आंगनबाड़ी केंद्रों, स्कूलों और स्वास्थ्य केंद्रों में चल रहे निर्माण एवं सुधार कायोंर् का निरीक्षण किया उन्होंने धवलपुर एवं टेमनपुर में बन रहे आदिवासी छात्रवासों का जायजा लिया इस दौरान उन्होंने कहा कि छात्रवास के निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बर्दाश्त नहीं की जाएगी यदि ठेकेदार के द्वारा गुणवत्ताहीन कार्य करने पर उनके विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी छात्रवास निर्माण समय–सीमा पर पूरा करे इस अवसर पर जिला पंचायत के सीईओ प्रखर चंद्राकर सहित संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित थे। इसी तरह कलेक्टर ने अमलीपदर पुल निर्माण कार्य का अवलोकन किया जिसकी लागत 4 करोड़ 98 लाख रूपये है उन्होंने कहा कि इस बारिश के पहले पुल निर्माण कार्य को पूरा करें जिससे की हजारों लोगों को इसका फायदा मिल सके उन्होंने पुल निर्माण कार्य की गति को देखते हुए अधिकारियों की सराहना की इसके अलावा कलेक्टर ने नवनिर्मित तहसील कार्यालय का निरीक्षण करते हुए घटिया निर्माण कार्य करने पर संबंधित ठेकेदार को जमकर फटकार लगाई उन्होंने ठेकेदार को गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए





**मैनपुर पहाड़ी उपर निवास करने वाले विशेष पिछड़ी कमार जनो को रोजगार उपलब्ध करायी जायेगी**

मैनपुर क्षेत्र के दौरे पर पहुंचे कलेक्टर ने ग्राम ताराझर के संबंध में कहा कि जो कमार–भुंजिया है वे अपने आवास को छोड़कर जंगल की ओर निवास कर रहे है उनके लिए ताराझर में ही आवास बनाया गया है वे वहां रहे उन्हें रोजगार से संबंधित प्रशिक्षण दिया जाएगा जिससे वे अपना जीवन–यापन सम्मानपूर्वक कर सके ज्ञात हो कि कुल्हाड़ीघाट पहाड़ी के उपर बसे बिहड़ ग्राम ताराझर कुर्वापानी मे कमार जनजाति के ग्रामीणों के लिए मैनपुर से महज 6 किमी दूर राजाडेरा नया ताराझर नाम से एक नया गांव बसाकर बकायदा वहां कमार जनजातियों के लिए मकान और स्कूल तथा पेयजल तालाब और बिजली के साथ ही मोबाईल टावर लगाकर पूरी सुविधाओ से गांव को लैस किया गया है इसमें सरकार द्वारा लाखो करोड़ो रूपए खर्च किया गया है यहां कमार जनजाति के लोगो ने महज एक माह निवास करने के बाद रोजगार उपलब्ध नही कराने की बात कहते हुए वापस पहाड़ी के उपर लौट गये इन ग्रामों के कमार जनजातियों को अब फिर कलेक्टर द्वारा रोजगार उपलब्ध कराये जाने की बात कही गई है। इसी तरह कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में निर्माण कार्य अवलोकन किया।

इसके साथ ही उन्होंने ग्रामीणों के अनुरोध पर अमलीपदर में कॉलेज, आईटीआई एवं नगर पंचायत के लिए प्रस्ताव भेजने का भरोसा दिलाया। **निर्माण कार्य पूरा करने के निर्देश-** कलेक्टर ने इंदागांव पहुंचकर अटल डिजिटल केंद्र के निर्माण कायोंर् का अवलोकन किया तथा शीघ्र कार्य को पूर्ण करने के निर्देश दिए साथ ही बाजार के लिए उपयुक्त स्थान चयन करने को कहा की उन्होंने इंदागांव के निर्माणाधीन शासकीय उचित मूल्य की दुकान का निरीक्षण कर बरसात पूर्व निर्माण कार्य पूरा करने के निर्देश दिए शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय इंदागांव में बाउंड्रीवाल निर्माण का अवलोकन किया कलेक्टर ने भेजाकोटपारा आंगनबाड़ी केंद्र पहुंचकर वहां बच्चों के लिए पोषण वाटिका विकसित करने के निर्देश दिए उप स्वास्थ्य केंद्र बारदुला में उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया। इस मौके पर प्रमुख रूप से एसडीओपी पुलिस ओमप्रकाश कुजुर, जनपद पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी डी.एस नागवंशी, कार्यक्रम अधिकारी कपिल नायक, अतिरिक्त सीईओ दिनेश सांडिल्य, जनपद सदस्य निर्भय सिंह ठाकुर, तहसीलदार गैन्दलाल साहू, सरपंच अमलीपदर हेमोबाई, नीलाम्बर यदु, गुप्तेश्वर साहू, पवन देवांगन एवं बड़ी संख्या मे क्षेत्र के लोग उपस्थित थे।

**रीपा केन्द्र का निरीक्षण कर कलेक्टर ने महिलाओं को किया प्रोत्साहित-** अमलीपदर स्थित महात्मा गांधी औद्योगिक पार्क (रिपा सेंटर) पहुंचकर कलेक्टर ने महिला समूहों से मुलाकात की और उन्हें आचार, पापड़, बड़ी, फिनाइल, सिलाई आदि उत्पादों के निर्माण व प्रशिक्षण से स्वावलंबन की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया महिलाओं द्वारा फिनाइल, आचार आदि उत्पादों की प्रारंभिक बिक्री की सराहना करते हुए उन्होंने उत्पादन बढ़ाने, दुकानों से संपर्क बनाने और अधिक बाजार जोड़ने को कहा कलेक्टर ने परिसर की साफ–सफाई का भी जायजा लिया कलेक्टर ने कहा कि जो महिलाएं कार्य कर रही है उन्हें और प्रशिक्षण दे जिससे की महिलाएं और अधिक आत्मनिर्भर हो सके।

## फिंगेश्वर कॉलेज में एलुमिनी समिति का गठन, पारुल अध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ⏭ फिंगेश्वर

नगर के फणिकेश्वर नाथ शासकीय महाविद्यालय में भूतपूर्व छात्रें की एलुमिनी बैठक हुई, जिसमें भूतपूर्व छात्र शेख इमरान को सर्व सम्मति से एलुमिनी समिति का संरक्षक एवं पूर्व छात्र पारुल यदु को सर्व सम्मति से अध्यक्ष चुना गया। इसी प्रकार उपाध्यक्ष निशा यदु, सचिव अनिरुद्ध हरित, सह सचिव जितेश, कोषाध्यक्ष योगीता शर्मा को मनोनित किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष पारुल यदु ने कहा कि कॉलेज के छात्र छात्रओं की पढ़ाई से लेकर सभी सुविधाओं का ध्यान रखा जाएगा। प्रोफेसर कमलेश्वर प्रसाद निषाद, एलुमनी संयोजक तीरथ राम कपूर,प्रोफेसर रितेश गोलछा ने समिति के उद्देश्यों एवं भविष्य की कार्ययोजना पर विस्तार से जानकारी देते हुए अतिथियों का धन्यवाद किया और नवगठित कार्यकारिणी को शुभकामनाएं दी व आशा व्यक्त करते हुए कहा कि नई टीम महाविद्यालय के विकास में सक्रिय योगदान देगी। बता दे कि एलुमिनी या पूर्व छात्र किसी स्कूल,कॉलेज या विश्वविद्यालय से शिक्षा पूरी कर चुके या वहां से उत्तीर्ण हुए ऐसे विद्यार्थियों को कहा जाता है। संस्था का उद्देश्य है कि सभी छात्र छात्रओं का शैक्षणिक गतिविधियों को बढ़ावा देते हुए महाविद्यालय के अधोसंरचना का विकास करना है।जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष राजू साहू ने नवगठित कार्यकारिणी को बधाई देते हुए कहा कि संघ के माध्यम से पूर्व छात्रें और वर्तमान विद्यार्थियों के बीच समन्वय स्थापित कर शैक्षणिक एवं सह–पाठयक्रम गतिविधियों को सुदृढ़ किया जाएगा। इस अवसर पर जनभागीदारी समति के अध्यक्ष राजू साहू व कॉलेज के स्टाफ–प्रोफेसर रितेश गोलछा(प्रभारी प्राचार्य,उक्त दिवस), प्रोफेसर कमलेश्वर प्रसाद निषाद, तीरथ राम कपूर (संयोजक एलुमनी) डॉ. अल्का कौशिक, डॉ. मोहन सिंह, सतप्रीत सिंह, यश कांकरिया, दविंदर कौर, अंजली साहू, ममता देवागन के साथ विभिन्न बैचों के पूर्व छात्र, देवानंद, तिलक, आशा गुप्ता, हितेश, भागवत यादव, मोहित आदि उपस्थित थे।

## ग्राम बिजली में ग्रामीणों ने ली जल संरक्षण की शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईहा बेलर

ग्राम पंचायत बिजली में मोर गांव मोर पानी महाअभियान के अंतर्गत जल संरक्षण एवं संवर्धन को लेकर व्यापक जनजागरूकता के उद्देश्य से शपथ ग्रहण कार्यक्रम एवं रैली का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गांव के जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और जल संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम की शुरुआत शपथ ग्रहण से हुई, जिसमें उपस्थित सभी लोगों ने अपने गांव में जल स्त्रोतों के संरक्षण, वर्षा जल संचयन और पानी के सदुपयोग का संकल्प लिया। इसके बाद जागरूकता रैली निकाली गई, जो गांव के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी। रैली के दौरान ग्रामीणों को जल बचाने, जल प्रदूषण रोकने और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से मुख्य कार्यपालन अधिकारी ज्योति बाला ढालेंन (जनपद पंचायत फिंगेश्वर), सरपंच पदमा मोती निषाद, उप सरपंच तोषण पटेल, अवध पटेल,




घनश्याम सोनवानी, डोमन साहू, गणेशिया यादव, बिमला ढीढी एवं पंच बिहान की दिदिया उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि जल ही जीवन है और इसके संरक्षण के बिना भविष्य की कल्पना संभव नहीं है। "मोर गांव मोर पानी" अभियान के माध्यम से गांव-गांव में जल के महत्व को समझाते हुए लोगों को जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। ग्रामीणों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए आश्वासन दिया कि वे अपने स्तर पर जल संरक्षण के उपायों को अपनाएंगे और इस अभियान को सफल बनाने में सहयोग देंगे।

## आदिवासी समाज का सम्मेलन 30 को कैबिनेट मंत्री रामविचार होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

आगामी 30 अप्रैल को आदिवासी जिला स्तरीय सम्मेलन मे शामिल होने के लिए छत्तीसगढ़ शासन के कैबिनेट मंत्री रामविचार नेताम मैनपुर पहुंचेगें इसे लेकर आदिवासी ध्रुव गोंड़ समाज द्वारा तैयारी बैठक का आयोजन आज सामुदायिक भवन मैनपुर में किया गया। इस दौरान बिन्द्रानवागढ विधानसभा क्षेत्र के विधायक जनक ध्रुव ने कहा की आदिवासी सम्मेलन मे शामिल होने के लिए पहलीबार आदिम जाति और अनुसूचित जाति विकास मंत्री रामविचार नेताम मैनपुर पहुंच रहे हैं उनके स्वागत आदिवासी रीति रिवाज और परंपरा अनुसार धूमधाम के साथ किया जायेगा साथ ही समाज के जो भी समस्या है उसे मंत्री को अवगत कराकर समस्या समाधान करने की मांग किया जाएगा। इस दौरान जिला अध्यक्ष पुरन सिंह ठाकुर ने कहा की आदिवासी समाज द्वारा इस वर्ष



मैनपुर में जिला स्तरीय सम्मेलन करने का निर्णय लिया गया है निश्चित रूप से आज समाज के सभी लोग एक जगह बैठक कर रूपरेखा तैयार कर रहे हैं साथ ही कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया गया। इस मौके पर प्रमुख रूप से विधायक जनक ध्रुव, जिला अध्यक्ष पुरन सिंह ठाकुर, जिला सचिव अशोक ध्रुव, फिंगेश्वर राज अध्यक्ष पन्नालाल ध्रुव, अंजोर सिंह नेताम, लालसिंह मरई, डागेश्वर ध्रुव, प्रहलाद ध्रुव, अशोक मरकाम, अंजोर सिंह ध्रुव, संतुराम ध्रुव, गंगाराम ध्रुव, सुकचंद ध्रुव, नोकेलाल ध्रुव, बृजलाल ध्रुव, तोरण ध्रुव, कोसिंग नेताम, हरिश्चन्द्र नेताम, कल्याण ध्रुव, पुरूशोत्तम ध्रुव, तिजराम ध्रुव, बिसउहा ध्रुव, कोमल नेताम, शिवराम ध्रुव, शिवदर्शन ध्रुव, गणेश ध्रुव, भगवान सिंह ध्रुव, तेजराम ध्रुव, बालाराम, बृजलाल ध्रुव, खगेश्वर व बड़ी संख्या में पूरे जिले भर से आदिवासी ध्रुव गोंड़ समाज के लोग उपस्थित थे।

## छुईहा में शिव बारात के साथ शिवमहापुराण कथा का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईहा बेलर

ग्राम छुईहा में पिछले सात दिनों से चल रहा आध्यात्मिक और सांस्कृतिक वातावरण आज एक भव्य शोभायात्रा के साथ संपन्न हुआ। ग्रामवासी मोरज सिन्हा देवेन्द्र सिन्हा एवं उनके परिवार के तत्वावधान में आयोजित शिवमहापुराण सप्ताह कथा का समापन शिव, पार्वती एवं गणों की झांकियों से सजी एक मनोहर शोभायात्रा के साथ किया गया। शिवमहापुराण कथा के अंतर्गत निकाली गई भव्य शिव बारात में श्रद्धालु नृत्य-भजन करते हुए हर-हर महादेव के जयकारे लगा रहे थे। भूत-प्रेत, देवताओं और विभिन्न स्वरूपों की झांकियों के साथ निकली यह बारात अत्यंत अद्भुत व दिव्य थी, जिसे देखकर हर कोई भाव-विभोर हो गया। इस सप्ताह भर चले आयोजन में कथा का वाचन प्रसिद्ध भगवताचार्य पंडित त्रिभुवन मिश्रा बारूला वाले ने किया। उनके मधुर और प्रभावशाली कथावाचन ने सातों

**पंडित त्रिभुवन मिश्रा की मधुर वाणी ने श्रद्धालुओं को किया मंत्रमुग्ध**





दिन श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध किए रखा। कथा सत्र में जिले भर के ग्रामीणों के साथ-साथ आस-पास के क्षेत्रों से समस्त सर्व वर्ग के वरिष्ठ प्रतिष्ठित व्यक्ति व श्रद्धालू भक्तों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। सातवें दिन, कथा के दौरान बेलपत्र अर्पण पश्चात, एक भव्य और रंगबिरंगी शोभायात्रा का आयोजन किया गया। इस शोभायात्रा में भगवान शिव, माता पार्वती और उनके गणों की आकर्षक झांकियां निकाली गईं, जिन्हें देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग उमड़ पड़े। शोभायात्रा में आयोजक परिवार के सदस्य, स्थानीय ग्रामवासी और सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए, जिन्होंने शिव भक्ति गीत गाते हुए और जयकारे नारे लगाते हुए गांव के मुख्य मार्गों पर शोभायात्रा निकाली।

**सामुदायिक सद्भाव और सामाजिक एकता की मिसाल-** इस अवसर पर आयोजक मोरज सिन्हा, देवेन्द्र सिन्हा, चेतन सिन्हा ने कहा कि परिवार की ओर से यह आयोजन ग्रामीणों की आस्था और सामुदायिक सद्भाव को मजबूत करने के उद्देश्य से किया गया था। उन्होंने सभी ग्रामवासियों और श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया, जिनके सहयोग से यह आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हो सका। इस आयोजन ने न केवल गांव में धार्मिक उल्लास का वातावरण बनाया, बल्कि सामाजिक एकता का एक अनूठा उदाहरण भी प्रस्तुत किया। शोभायात्रा के समापन के साथ ही ग्राम छुईहा में यह सात दिवसीय पावन आयोजन संपन्न हो गया, जिसकी स्मृतियां लोगों के मन में लंबे समय तक बनी रहेंगी। आयोजन में श्रीमती निर्मला सिन्हा, मोरध्वज उर्वशी सिन्हा, देवेंद्र गायत्री सिन्हा खेलन सिन्हा, छगन सिन्हा, गजेंद्र सिन्हा, मोरध्वज सिन्हा, चेतन सिन्हा, रूपनारायण सिन्हा, मिश्रीलाल सिन्हा, कौशल सिन्हा, देवेंद्र सिन्हा, थानेन्द्र सिन्हा, ईश्वर सिन्हा, विनोद सिन्हा, चंदन सिन्हा, इंद्रजीत सिन्हा, रुस्तम सिन्हा, हर्ष सिन्हा, योजित सिन्हा, दिव्यांश सिन्हा, उदय सिन्हा, सहित सिन्हा परिवार द्वारा किया जा रहा है। आयोजन परिवार सदस्य, ग्रामवासी एवं आसपास से श्रद्धालु पहूंचे थे।



## वार्ड 9 में अंबेडकर जयंती मनाई

**फिंगेश्वर।** नगर के वार्ड नंबर 9 मे वार्ड वासियो के द्वारा बाबा अंबेडकर की जयंती मनाई गई जिसमें प्रमुख रूप से पार्षद शांति कोसरे ने कहा कि बाबा अंबेडकर ने उच्चशिक्षा हासिल कर देश के संविधान बनने पर महत्वपूर्ण योगदान दिया। आज हम सभी उनके संविधान के अनुरूप चलकर पालन कर रहे हैं। मै उन्हे उनकी जयंती पर नमन करती हूं। इसके पहले उपस्थित लोगो के द्वारा उनके चित्र की पूजा अर्चना कर उन्हे नमन किया।इस अवसर पर भाजपा नेत्री संतोषी श्रीवास्तव, पार्षद पदमा यदु, पार्षद नरेंद्र रात्रे, उर्मिला साहू, अनिता शर्मा एवं वार्डवासी उपस्थित थे।

## श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह झांकी देख मंत्रमुग्ध हुए भक्त

**मुड़ागांव (कोरासी)।** समीपस्थ ग्राम खड़मा में सिन्हा परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत महापुराण कथा के छठवें दिन भगवान श्रीकृष्ण और माता रुक्मिणी के विवाह का दिव्य प्रसंग श्रद्धालुओं को सुनाया गया। इस अवसर पर कथा स्थल पर विवाह की जीवंत झांकी प्रस्तुत की गई, जिसे देखकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। पूरा पंडाल "जय श्रीकृष्ण" के जयघोष से गुंजायमान हो गया। इस आध्यात्मिक आयोजन के मुख्य यजमान घनश्याम सिन्हा एवं श्रीमती सावित्री सिन्हा हैं। उनके द्वारा आयोजित इस कथा में क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालु प्रतिदिन उपस्थित होकर कथा का रसपान कर रहे हैं। छठवें दिन विवाह उत्सव के अवसर पर यजमान परिवार सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने कथा श्रवण किया। कथावाचक पंडित पुष्कर तिवारी ने अपनी ओजस्वी वाणी में रुक्मिणी विवाह के आध्यात्मिक महत्व को विस्तार से



बताया। उन्होंने कहा कि रुक्मिणी जी साक्षात लक्ष्मी का अवतार थीं और उनका श्रीकृष्ण के प्रति प्रेम निस्वार्थ भक्ति का प्रतीक है। जब भक्त पूर्ण समर्पण के साथ भगवान को पुकारता है, तो भगवान स्वयं उसे अपनाने के लिए तत्पर हो जाते हैं। रुक्मिणी जी का पत्र और श्रीकृष्ण द्वारा उनका हरण, जीवात्मा और परमात्मा के दिव्य मिलन का अद्भुत उदाहरण है। कथा के दौरान जिला पंचायत सभापति लेखराज धुर्वा, कुर्मी समाज जिलाध्यक्ष पुरंदर वर्मा सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं सामाजिक प्रतिनिधि उपस्थित रहे और व्यासपीठ से आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम के अंत में महाआरती संपन्न हुई, जिसके पश्चात सभी श्रद्धालुओं को भोजन प्रसाद वितरण किया गया। सातवें दिन सुदामा चरित्र एवं व्यास पूजन के साथ इस दिव्य आयोजन की पूर्णाहुति की जाएगी।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**

## एकलव्य विद्यालय मैनपुर के छात्रों का उत्कृष्ट प्रदर्शन, 92.6 प्रतिशत सफल

**मैनपुर।** सीबीएसई द्वारा कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। उक्त परिणाम में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय मैनपुर का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा विद्यालय का कुल परीक्षा परिणाम 92.6 प्रतिशत रहा कुल 54 परीक्षार्थियों में से 50 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए इनमें 39 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी तथा 15 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। विद्यालय की छात्रा



कुमारी खुशबू कंवर, पिता लाल सिंह कंवर, ग्राम छोरा द्वारा 82 प्रतिशत अंक अर्जित कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया गया। उक्त उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम के संबंध में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों द्वारा विद्यालय परिवार को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की गई हैं। शुभकामना संदेश प्रेषित करने वालों में बिंद्रानवागढ़ क्षेत्र के विधायक जनक ध्रुव, रामनाथ, बाबूलाल, उमा, सुनीता, चेतराम, गीता राम, जगरबाई, देवराज, शिवकुमार, भैयालाल, सत्यासोम क्षेत्र के जनप्रतिनिधि लोकेश्वर नेताम (जिला पंचायत सदस्य), कल्याण सिंह कपिल (अध्यक्ष, वनोपज संघ गरियाबंद), रजनती (जनपद सदस्य), सुखराम ध्रुव (जनपद सदस्य), सामाजिक कार्यकर्ता सीताराम सोनवानी,, सहायक आयुक्त गरियाबंद श्री लोकेश पटेल एवं संकुल प्राचार्य डॉ. कमलाकांत यादव सभी ने विद्यालय के प्राचार्य, समस्त शिक्षकगण, विद्यार्थियों एवं शाला परिवार को इस उत्कृष्ट उपलब्धि हेतु बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## पूरन साहू मीडिया प्रभारी एवं तुकेश महामंत्री बने



**नवापारा-राजिम।** तहसील साहू संघ के अध्यक्ष तुलेश साहू ने पूरन साहू को मीडिया प्रभारी एवं तुकेश साहू को महामंत्री बनाया है। इन्हें राजिम भक्तिन भक्ति मंदिर समिति के अध्यक्ष लाला साहू, रतिराम राम साहू, मेघनाथ साहू, प्रेमलाल साहू, रविशंकर साहू,परदेशी राम साहू, गैंदलाल साहू, रमेश साहू, पारसमणी साहू, लीलाराम साहू सहित समाज के पदाधिकारियो ने बधाई दी है।

## नारी शक्ति वंदन विधेयक नए भारत की ऐतिहासिक घटना : अशोक बजाज

**नवापारा राजिम।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश कार्यालय मंत्री अशोक बजाज ने लोकसभा में नारी शक्ति वंदन



विधेयक पेश करने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद देते हुए कहा कि इस विधेयक के पेश होने से पूरे देश भर में खुशी का माहौल है। श्री बजाज ने विपक्षी दलों से आग्रह किया कि बिना किंतु परंतु के इस बिल समर्थन करें। नारी शक्ति वंदन विधेयक सर्वसम्मति से पारित होना नए भारत की ऐतिहासिक घटना होगी तथा इससे संसद का गौरव बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति वंदन विधेयक के पारित होने से लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं को मिलने वाला 33% आरक्षण केवल एक कानून नहीं, बल्कि महिला नेतृत्व के प्रति अटूट विश्वास का प्रतीक है।

**निधन**

## कुलेश्वर देवांगन

**नवापारा-राजिम।** कुलेश्वर



देवांगन का गुरूवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मुक्तिधाम में किया गया। इस अवसर पर समाज एवं शहर तथा मुहल्ले के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए।

**सम्मेलन : भसेरा परिक्षेत्र के वार्षिक सम्मेलन में सामाजिक एकता पर बल**

# शिक्षा से समाज का विकास संभव संस्कारों को न भूलें : प्रवीण साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

ग्राम सिर्रीकला मे भसेरा साहू समाज परिक्षेत्र के द्वारा भक्त माता कर्मा की जयंती के साथ साथ वार्शिक सम्मेलन बड़े ही हर्शोउल्लास के साथ मनाया गया।इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्यअतिथि जिला साहू संघ के अध्यक्ष प्रवीण साहू ने माता के कर्मा के आदर्श एवं सिद्धांत पर चलने की प्रेरणा समाज को देते हुए समाज की उन्नति एवं विकास को मजबूत करने पर बल दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रवीण साहू ने कहा कि साहू समाज एक मेहनती एवं संघर्शशील समाज है। सामाजिक कुरूतीयों को त्याग कर सामाजिक नीतियों का पालन करने वाली समाज है। समाज के लोग आज हर क्षेत्र मे आगे बढ़ रहे हैं। चाहे वह शिक्षा के क्षेत्र हो या फिर आर्थिक विकास का क्षेत्र हो या फिर राजनीति का। समाज को यह बात भी ध्यान रखना होगा कि हम अपने संस्कार न भूले। संस्कार की बाते घर से ही प्रारंभ होती है और समाज के बीच दिखाई देती है। भक्त माता कर्मा ने सभी समाजों के हित कार्य किए हैं। इसी प्रकार हमें अन्य समाजों से मिलकर उन्हे मान सम्मान दे एवं प्राप्त करें। समाज मे सभी सुरीति एवं सुनीती को आत्मसात करे एवं कुरीतीयों का त्याग करें।





### सामाजिक प्रकरणों का निराकरण

कार्यक्रम के द्वितीय सोपान में साहू समाज परिक्षेत्र भसेरा का वार्षिक अधिवेशन, आय व्यय तथा सामाजिक प्रकरणों का निराकरण किया गया। कार्यक्रम के सभापति जगदीश साहू, संचालक दीपक राज, प्रेम साहू एवं आभार प्रदर्शन तुलाराम, एवं घनश्याम साहू ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला साहू संघ के अध्यक्ष प्रवीण साहू, विशेष अतिथिलाला साहू, अध्यक्ष राजिम भक्तिन मंदिर, पुष्पा जगन्नाथ साहू, उपाध्यक्ष जिला साहू संघ, रामूराम साहू संरक्षक जिला साहू संघ, कुंजन साहू संरक्षक जिला साहू संघ, सोमप्रकाश साहू संरक्षक जिलासाहू संघ, डॉ. महेंद्र साहू पूर्व अध्यक्ष राजिम भक्तिन मंदिर समिति, ईश्वर साहू पूर्व उपाध्यक्ष जिला साहू संघ गरियाबंद, नारायण लाल साहू पूर्व अध्यक्ष जिला साहू संघ गरियाबंद, ईश्वरी साहू कार्यकारी अध्यक्ष तहसील साहू संघ फिंगेश्वर, डॉ. दिलीप साहू, सभापति जनपद पंचायत फिंगेश्वर, विभिन्न परिक्षेत्र के अध्यक्ष सचिव गण एवं बड़ी संख्या में समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी गण उपस्थित रहे। सभी अतिथियों का भसेरा परिक्षेत्र के अध्यक्ष रमेश साहू, संरक्षक नारायण साहू, उपाध्यक्ष मानसिंह साहू, ईश्वरी साहू, मोतिम साहू, कोषाध्यक्ष मनोज साहू, सचिव प्रेम साहू, ग्रामीण अध्यक्ष मदन साहू, उपाध्यक्ष मायाराम साहू, लक्ष्मी साहू, सचिव कृष्ण कुमार साहू, सलाहकार पेंटर दीपक राज, आदि ने श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया।

सामाजिक कार्यों में बढ़चढ़ कर भाग लेवे एवं साहू समाज की एकता को मजबूत करें। आज हमारा समाज सभी क्षेत्रों मे आगे बढ़ रहा है तो उसके पीछे शिक्षा का ही महत्वपूर्ण योगदान है। घर के बच्चों को पढ़ा लिखाकर आगे बढ़ावे जिससे वह शिक्षित समाज का संदेश देगा वहीं पर उनका नैतिक विकास भी परिलक्षित होगा और समाज को बल मिलेगा।कार्यक्रम को भसेरा परिक्षेत्र के अध्यक्ष रमेश साहू ने संबोधित कर समाज मे एकता एवं संगठन को मजबूत करने पर बल दिया एवं सभी अतिथियो का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को लाला साहू, रामू राम साहू, नारायण साहू, डॉ. महेंद्र साहू आदि ने संबोधित कर भक्त माता कर्मा के आदर्शो के अनुरूप चलने की प्रेरणा दी। अतिथियों ने कार्यक्रम के पहले भक्त माता कर्मा की पूजा आरती की। सभी अतिथियों का मंच मे पुष्पहार से स्वागत किया गया। कार्यक्रम के मुख्यअतिथि विधायक रोहित साहू के अन्यत्र होने पर वे कार्यक्रम में नहीं पहुंचे।कार्यक्रम में मठपुरैना रायपुर के सुनीता साहू का पंडवानी कार्यक्रम भी रखा गया।

## पीएमश्री हरिहर स्कूल पहुंचीं एसीएस रिचा शर्मा चखा मध्यान्ह भोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

गुरूवार को पीएमश्री हरिहर शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में एसीएस एवं स्टेट नोडल अधिकारी पीएमश्री रिचा शर्मा निरीक्षण के लिए पहुंची। उनके टीम में एसडीएम रवि सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारती, बीएमसी समग्र शिक्षा रायपुर अरुण शर्मा, एपीसी प्रभारी पीएमश्री विश्वरंजन मिश्रा तथा बीईओ धनेश्वरी साहू शामिल थे। अधिकारियों द्वारा विद्यालय की समग्र प्रगति रिपोर्ट के 21 बिंदुओं पर विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में विद्यालय को शैक्षणिक गुणवत्ता, आधारभूत संरचना एवं प्रशासनिक दक्षता के स्तर पर और अधिक सुदृढ़ बनाने के संबंध में सार्थक चर्चा हुई। निरीक्षण के दौरान विद्यालय के परीक्षा परिणाम, प्रयोगशालाओं की व्यवस्था, आईसीटी स्मार्ट क्लास, फर्नीचर, मीडिया रूम, मध्यान्ह भोजन योजना एवं अन्य शैक्षणिक गतिविधियों की गहन समीक्षा की गई। अधिकारियों ने सभी कक्षाओं, मीडिया रूम, विभिन्न प्रयोगशालाओं, पुस्तकालय, स्टाफ रूम तथा विद्यालय परिसर के उद्यान का स्वयं भ्रमण कर व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। निरीक्षण दल ने मध्यान्ह भोजन का स्वाद भी लिया और उसकी गुणवत्ता, स्वच्छता एवं प्रबंधन की सराहना की। साथ ही सभी विभागों के शिक्षकों से संवाद स्थापित कर उनके सुझाव आमंत्रित किए, जिससे प्रत्येक विभाग को और अधिक प्रभावी एवं व्यवस्थित रूप से संचालित किया जा सके। निरीक्षण के दौरान प्राचार्य दानी मैम उपस्थित रहीं। उन्होंने अधिकारियों को विद्यालय की उपलब्धियों, नवाचारों एवं भावी योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की। विद्यालय के सुव्यवस्थित प्रबंधन, अनुशासित शैक्षणिक वातावरण एवं समर्पित कार्यशैली से अधिकारीगण संतुष्ट दिखे।

## बाबा साहब अंबेडकर जयंती पर सफाई कर्मचारियों का किया गया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

नगर पालिका राजिम के वार्ड क्रमांक 3 सरदार वल्लभ भाई पटेलपारा में पार्षद जानकी पटेल के नेतृत्व में संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर का माल्यार्पण कर पूजा अर्चना किया गया। इस अवसर पर वार्ड में स्वच्छता अभियान चलाकर रोड, नाली की साफ सफाई की गई। इसके साथ ही वार्ड में निरंतर साफ सफाई करने वाले सफाई कर्मचारियों को गमछा और श्रीफल भेंट कर पार्षद जानकी पटेल ने सम्मान किया। कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर संविधान निर्माता है। उन्होंने समाज में व्याप्त भेदभाव, छुआछूत और असमानता के खिलाफ आजीवन लड़ाई लड़ी।



सेजस आत्मानंद स्कूल के सांसद प्रतिनिधि, पटेल समाज के प्रदेश महामंत्री सोमनाथ पटेल ने कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर महान दार्शनिक, शिक्षा विद और वकील थे, वे मानते थे कि शिक्षा वह चाबी है जो प्रगति के सभी दरवाजे खोल सकती है। उन्होंने हमें शिक्षित बनने, संगठित होने और अपने अधिकारो के लिए संघर्ष करने का संदेश दिया। इस अवसर पर दिलीप सनत साहनी, सुरेश साहू, चिंटू साहनी, दिलीप पटेल, हीरानंद पटेल, महेश पटेल, जुगनू मसीहा, भोला यादव, रितेश यादव, सुमित्रा यादव, घासनीन पटेल मौजूद थे।

## डोंगीतराई में जिला स्तरीय रामायण सम्मेलन का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

ग्राम डोंगीतराई में त्रिदिवसीय जिला स्तरीय रामायण प्रतियोगिता में ख्यातिप्राप्त 27 मंडलियों ने अपनी प्रस्तुतियों से पूरे क्षेत्र को राममय कर दिया। इस अवसर पर क्षेत्र के विभिन्न गांवों एवं शहरों से आए मानस मंडलियों ने अपनी मधुर वाणी में रामचरित मानस के दोहे और चौपाइयों का गायन कर पूरी वातावरण को भक्तिमय बना दिया। सुर सिंगर मानस मंडली गातपार के व्याख्याकार ने कहा कि /"कल युग सम युग आन नहीं,जौ नर का विश्वास! गाई सम गुण गान विमल,भव तर बिन ही प्रयास!! अर्थात बाबा गोस्वामी तुलसीदास जी कहते हैं कि कलयुग के समान कोई दूसरा युग नहीं,कलयुग ही एक ऐसा युग है जिसमें ना तो पूजा अर्चना,न हीं जप करने की जरूरत है,न ही यज्ञ करने की जरूरत है,न




ही ध्यान योग करने की जरूरत होती है भगवान श्रीराम के नाम लेने मात्र से ही भवसागर से पार हो जाता है !वही जय बजरंग मानस मंडली तिल्दाडीह की व्याख्याकार ने माता-पिता को साक्षात भगवान बताते हुए उनकी सेवा और सम्मान की महिमा का वर्णन किया।

**विजेता मंडलियों की घोषणा-** इस भव्य रामायण प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग में प्रथम स्थान सुरसिंगार मानस मंडली गातापार, द्वितीय जय जगत आजाद मानस मंडली आलेखुंटा, तृतीय श्री बजरंग मानस मंडली तिल्दाडीह, चतुर्थ श्री मारुति मानस मंडली बाना एवं पंचम स्थान श्री राम रुचि मानस मंडली मठपुरेना रायपुर अपना स्थान बनाया। महिला वर्ग में प्रथम जय मां महिला मानस मंडली कोकड़ी, द्वितीय प्रज्ञा महिला मानस मंडली रावंभाटा, तृतीय मां संतोषी महिला मानस मंडली सिलतरा, चतुर्थ जय सरस्वती महिला मानस मंडली खोरपा एवं पंचम स्थान जय सरस्वती महिला मानस मंडली ढूंढा रही। आयोजन के दौरान तीनों दिन विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। भोजन व्यवस्था में गांव की महिलाओं, बच्चियों एवं पुरुषों ने सहयोग प्रदान की इस अवसर पर आयोजक समिति के अध्यक्ष ओमप्रकाश निर्मलकर, उपाध्यक्ष चेतराम यादव, कमलेश साहू ,योगेंद्र साहू, मनोज कुमार यादव, निलेश कुमार साहू, उदय साहू, केशव राम निर्मलकर, अरुण साहू, चेमन साहू, देवेंद्र कुमार साहू, जितेंद्र साहू, मानिक राम निर्मलकर, ठाकुर राम साहू, किशन साहू, त्रिलोचन निर्मलकर ,निलेश कुमार निर्मलकर, अविनाश साहू, राजकुमार साहू, पियूष साहू, विजय साहू पटेवा, घनश्याम साहू, खिलावन साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## भोलेशंकर जायसवाल को जिला मीडिया सह संयोजक बनाया गया

**छुरा।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव एवं संगठन महामंत्री पवन साय और प्रदेश संयोजक मितुल कोठारी की अनुमति से जिला संगठन प्रभारी अमित चिमनानी के सहमति से जिला अध्यक्ष अनिल चन्द्राकर ने सोशल मीडिया सह संयोजक भोलेशंकर जायसवाल को बनाया गया है। सक्रिय रूप से संगठन की गतिविधियों में निरन्तर योगदान देने वाले कार्यकर्ताओं को भारतीय जनता पार्टी में एक विशेष पद दायित्व जिम्मेदारी के साथ कार्य दिया जाता हैं। संगठन ने ही मुझे दो



बार पार्षद का टिकट दिया और दोनों ही समय पार्षद चुनाव जितने के बाद सभापति बनाया गया। एवं भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष छुरा का कार्यभार भी दिया जा चुका है, इस छोटी सी युवा अवस्था में संगठन ने निरन्तर भरोशा जताते हुए, अब इस बार जिला मीडिया सह संयोजक का दायित्व सौंपा गया है, पार्टी के इस आशा और विश्वास पर सफलतापूर्वक निभाने का प्रयास करूंगा।जायसवाल ने सह संयोजक का दायित्व मिलने पर प्रदेश नेतृत्व, संभाग एवं जिला व मंडल नेतृत्व कार्यकर्ताओ पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया है।

## वार्ड क्रमांक 6 में मनाई अंबेडकर जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

नगर पंचायत छुरा के वार्ड क्रमांक 6 के पार्षद देव सिंह नेताम द्वारा अपने निवास स्थान पर भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती श्रद्धा, सम्मान और गरिमामय वातावरण में मनाई गई। इस अवसर पर पार्षद देव सिंह नेताम ने अपने पूरे परिवार के साथ डॉ. अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर पूजा-अर्चना की तथा उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व को स्मरण किया। इस अवसर पर पार्षद देव सिंह नेताम ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर केवल भारतीय संविधान के निर्माता ही नहीं थे, बल्कि वे सामाजिक न्याय, समानता और मानव अधिकारों के सशक्त प्रहरी भी थे। उन्होंने कहा कि आज समाज में समानता, मौलिक अधिकार, शिक्षा, स्वतंत्रता और कर्तव्य की जो बात की



जाती है, वह डॉ. अंबेडकर के दूरदर्शी विचारों और संघर्षों की ही देन है। उन्होंने अपने जीवन में अनेक कठिनाइयों का सामना करते हुए समाज के वंचित और कमजोर वर्गों को सम्मानपूर्वक जीने का अधिकार दिलाने का कार्य किया। देव सिंह नेताम ने आगे कहा कि डॉ. अंबेडकर का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उनके आदर्शों को आत्मसात कर ही एक सभ्य, शिक्षित और समरस समाज का निर्माण किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि हमें केवल उनकी जयंती मनाने तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि उनके बताए मार्ग पर चलकर समाज में भाईचारा, न्याय और समानता की भावना को मजबूत करना चाहिए। उन्होंने उपस्थित लोगों से अपील करते हुए कहा कि इस अवसर पर हम सभी को संकल्प लेना चाहिए कि डॉ. अंबेडकर द्वारा देश को दिए गए संविधान का सम्मान करेंगे और उसके सिद्धांतों का पालन करते हुए एक जिम्मेदार एवं आदर्श नागरिक बनेंगे। कार्यक्रम के दौरान परिवार के सदस्यों ने भी डॉ. अंबेडकर के जीवन मूल्यों पर चर्चा करते हुए उन्हें नमन किया।

अंबेडकर जयंती के इस आयोजन ने सामाजिक जागरूकता और संविधान के प्रति सम्मान का संदेश देते हुए लोगों को उनके विचारों को अपनाने के लिए प्रेरित किया।

## आठवीं के बच्चों को दी विदाई



**कोपरा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय धुरसा में कक्षा आठवीं के विद्यार्थियों को धूमधाम से विदाई दी बच्चों के चेहरे पर उत्साह और खुशी झलक रही थी। समस्त विद्यार्थियों के लिए नेवता भोज कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया था। इस दौरान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे होमेश्वरी साहू सरपंच ग्राम पंचायत धुरसा, अध्यक्षता गोदावरी साहू जनपद सदस्य धुरसा विशेष अतिथि खिलावान ध्रुव, थनेश राम साहू, भूवन लाल साहू, तुलसीराम साहू सहित कई जनमान्य नागरिक व पालक उपस्थित रहे। इस दौरान संस्था प्रमुख दीनूराम निषाद, शिक्षक देवेन्द्र कुमार साहू, लुकेन्द्र श्रीवास, महेन्द्र बंजारे, केसर विश्वकर्मा, प्रधान पाठक रूप सिंह दीवान, भागीरथी डहारिया, अमित भोंसले तथा सफाई कर्मी चतुराम साहू, पुराणिक साहू ने कार्यक्रम में सहभागिता प्रदान की।

**कौदकेरा में त्रि-दिवसीय विराट श्री मारुती महायज्ञ एवं श्री रामचरित मानसगान**

# यज्ञ निःस्वार्थ सेवा और परोपकार का प्रतीक : नंदनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा

क्षेत्र के ग्राम कौदकेरा मे 14 अप्रैल से 17 अप्रैल तक भव्य त्रि-दिवसीय विराट श्री मारुती महायज्ञ एवं श्री रामचरित्र मानसगान सम्मेलन स्वामी श्री सीधेश्वरानन्द महराज के सानिध्य में राजिम भक्तिन माता मंदिर प्रांगण मे यह कार्यक्रम आयोजन किया गया है। तीन दिनों तक समस्त श्रद्धांलुओं के लिए विशाल भोग भंडारे का भी आयोजन किया गया हैं। प्रथम दिवस पर आयोजक समिति व समस्त ग्रामवासियों द्वारा दीप प्रजवलित कर गली भ्रमण के लिए कलश यात्रा निकाला और गांव के टेराही तालाब में गंगा माता की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम कों शुभारंम किया गया जहां सुबह ब्रम्ह मुहूत में परिक्षितों द्वारा परिक्रमा किया और गांव के सुख समृद्धि की कामना की, ततपश्चात हवन पूजन किया गया, संध्या



बेला मे रामायण कथा का भी आयोजन रखा गया वही द्वितीय दिवस पर दोपहर 3 बजे श्री रघुनंदन मानस परिवार, परमेश्वर मानस परिवार,और अर्चना महिला मानस परिवार की संगीत मय रामायण कथा की सुंदर प्रस्तुति हुई।

**मानस मंडलियों ने बिखेरी स्वर लहरियां-** इस अवसर पर नंदनी साहू सभापति महिला एवं बाल विकास विभाग गरियाबंद ने कहा की यज्ञ भारतीय संस्कृति का प्राण, एक प्राचीन वैदिक अनुष्ठान और जीवन-दर्शन है, जो निःस्वार्थ सेवा, त्याग और परोपकार की भावना सिखाता है। अग्नि में आहुति देना केवल प्रतीकात्मक है; वास्तविक यज्ञ 'इदं न मम' (यह मेरा नहीं है) के भाव से अपना सब कुछ समाज व प्रकृति को समर्पित करना है। यह मानसिक शुद्धि और पर्यावरण संरक्षण का



अचूक माध्यम है। इस दौरान मौजूद रहे महिला एवं बाल विकास विभाग सभापति जिला पंचायत गरियाबंद, ओमकार साहू, सह सयोजक रईस मिल प्रकल्प भाजपा किसान मोर्चा छत्तीसगढ़, भाजपा सोमप्रकाश साहू भाजपा किसान मोर्चा जिला महामंत्री सोमप्रकाश साहू, अरविंद चौहान, देवानंद साहू, उमाशंकर साहू, कोमल साहू, दुष्यंत साहू, दौलत साहू, रुपेश साहू, संतोष साहू, चुम्मन साहू, नरायण साहू, ताराचंद साहू, जोधन साहू, धनराज साहू, मनोज विश्वकर्मा, भूषण साहू, तोरण साहू, दूजलाल साहू, सुरेन्द्र साहू, दानू साहू, सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

